महाकाल सा नहीं संसार में | By Dev Bambiwal & Divyanshi Bambiwal

महाकाल सा नहीं संसार में, संसार में
भोला है लाखों हज़ार में
मेरा भोला है लाखों हज़ार में

ओ भोले शंकर सी महिमा मैंने देखी कहीं ना
करदे ऐसे करिश्मे जो सुने हो कहीं ना
बाबा रोते हुआ को देखो तुमने हंसाया
भक्तों को भोले तुमने अपने दिल में बसाया
दुनिया चलाने वाले तुम ही, तुम ही पालनहार
तुम ही संचालक हो जग के, तुमसे है संसार
लीलाधर बड़ी लीलाएं करते, करते चमत्कार हैं
मेरे भोले का दीवाना संसार है, संसार रे
भोला है लाखों हज़ार में
मेरा भोला है लाखो हज़ार में

यहाँ कोई नहीं है, भोले दुनिया में मेरा
बाबा चारो तरफ से, मुझको संकट ने घेरा
मुझे अपनों ने मारा, और गैरो से हारा
मैंने अपना कहा जिसे, उसने खंजर है मारा
यहाँ सभी देते हैं धोखा, किसपे हो विश्वास
हे महाकाल एक तुम्ही हो, जिसपे है मेरी आस
झूठे रिश्ते और नातो से बाबा, अब गया मैं तो हार
अपना मुझको भी देदो ज़रा प्यार रे, थोड़ा प्यार रे
संकट मिटा दो मेरे आज रे, सारे संकट मिटा दो मेरे आज रे

हे महाकाल बाबा, भोले त्रिशूलधारी
ओ मेरे शिव शंकर आया शरण तुम्हारी
ये मेरी ज़िंदगानी है तुम्हारे हवाले
विनती मेरी भी सुनलो हे जगत रखवाले
दसो दिशा और आठों याम में हर जगह तेरा नाम
धरती और आकाश ये बाबा तुमको करते प्रणाम
तू निराकार साकार तू ही, तू ही ओमकार है
मेरे सर पे रख ज़रा हाथ रे, थोड़ा हाथ रे
बिगड़ी बना दो मेरी आज रे, सारी बिगड़ी बना दो मेरी आज रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-dev-bambiw/